यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का संस्थान)
**(CIN:U 12000 JH 1967 GOI 000806)**
डाकघर : जादुगोड़ा माईन्स, जिला–पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड)–832102

संo: यूसीआईएल/डीजीएम(कार्मिक और औoसo)/50/2026 दिनांकः 22.01.2026

## सूचना

दिनांक : 10.07.2021 को AMD /IREL/UCIL द्वारा अधिग्रहित भूमि के एवज में नियोजन हेतु स्थानीय समाचार पत्र में 12 रिक्तियों के लिए प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार कुल 285 आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुई है, जिसकी सूची यूसिल के वेवसाइट पर उपलब्ध है। उक्त आवेदनों की जॉच में यह देखा गया है कि अधिग्रहित एक ही भूमि के एवज में कई आवेदकों द्वारा आवेदन जमा किए गए है। अतः आप सभी से पुनः आग्रह है कि आप सर्वसम्मति से एक उम्मीदवार का नाम सुनिश्चित कर सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिनों के भीतर निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें । उक्त भूमि/प्लॉट/अवार्ड के विरूद्व एक से अधिक नामांकन प्राप्त होने की स्थिति में प्रबंधन ऐसे मामलों पर विचार नहीं करेंगी । ऐसे मामले पारिवारिक विवाद के रूप में माने जायेगें। नियोजन की प्रक्रिया हेतु केवल एक(एकल) नामांकन ही स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकता है। एकाधिक नामाकंन (Multiple Nomination) वाले आवेदनों को लंबित रखा जाएगा।

साथ ही यह भी सूचित करना है कि उक्त प्रकाशन के तहत जिन भू–विस्थापितों ने अपने भूमि/प्लॉट से संबंधित सभी दस्तावेज जमा नहीं किए है अथवा किसी कारणवशः जमा करने में असमर्थ रहे है वे भी उक्त समय सीमा के भीतर अपने दस्तावेंज जमा कर सकते है।

अतः आप सभी से आग्रह है कि निम्नवर्णित पते पर अपना आवेदन/दस्तावेज सूचना प्रकाशन के 15(पन्द्रह) दिनों के भीतर डाक द्वारा भेजने का कष्ट करें।

**सेवा में,**
**उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औoसo)-विभागाध्यक्ष**
**पुराना प्रशासनिक भवन,**
**यू.सी.आई.एल., जादुगोड़ा,**
**पोo : जादुगोड़ा माईन्स**
**जिला : पूर्वी सिंहभूम,**
**झारखण्ड – 832102**

हाथ से जमा किया गया किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

कृते यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड